दैनिक जागरण
21 मार्च 2017

# दूसरों के काम आने में ही सार्थक होता सारा जीवन

जागरण संवाददाता, करनाल : दयाल सिंह कॉलेज में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा के वाइस चेयरमैन डॉक्टर मुकेश अग्रवाल रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर केएल गोसाई ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2016-17 में हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी ने लगभग एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वह समाज के जरूरतमंद लोगों के काम आएं, तभी उनके जीवन की सार्थकता है। राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मंच का संचालन डॉ. सुभाष सैनी व डॉ. सारिका चौधरी ने किया। कॉलेज के पूर्व प्राचार्या डॉ. पी सेन गुप्ता और गुरु नानक खालसा कॉलेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रेनू गौसाई ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाल सिंह कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. रामजीलाल ने की।

### भाषण में आरजू प्रथम

राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गीता विद्या मंदिर सोनीपत कुमारी रजनीश ने जीता। कुमारी आरजू आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद द्वितीय स्थान पर रही। दयाल सिंह कॉलेज करनाल के साहिल गर्ग ने तीसरा स्थान हासिल किया। वैश्य कॉलेज रोहतक व दयाल सिंह कॉलेज करनाल के विद्यार्थी जयदीप तुली को मिला।




भाषण प्रतियोगिता में विचार व्यक्त करती छात्रा • जागरण

दैनिक जागरण 21 मार्च 2017

# Informative lecture on HIV/AIDS











# Blood Donation Camp








# Tree Plantation Drive






# State Level YRC Training Camp





# District Level Ambulance Competition



# Informative Lecture on Disaster Management



# Dental Check-Up to promote Dental Care and Hygiene



The TRIBUNE
22 Feb. 2018

# One body can help save nine lives, says expert




Participants at a state-level workshop on organ donation organised by the Red Cross Society of Dyal Singh Collage in Karnal on Wednesday. A TRIBUNE PHOTO

**TRIBUNE NEWS SERVICE**

**KARNAL, FEBRUARY 21**

The Red Cross Society of Dyal Singh College today conducted a state-level workshop on organ donation. A total of 54 students from various colleges of the state participated in the workshop.

Mukesh Aggarwal, vice-chairman, Indian Red Society, Haryana, presided over the workshop, while Dr Sudhir Dewan, Director, North-MOHAN Foundation, Chandigarh, was the guest of honour.

Dewan said that a person could save lives of nine persons by donating his/her body. He said that a person could donate organs such as eyes, kidney, liver, heart, heart valves, bone marrow, skin etc.

Encouraging the people about organ donation, Dr Aggarwal gave the example of Rishi Dhadhichi who donated even his bones for the cause of social welfare, and said that at the time of death, one's heart, intestines, kidneys, liver, lungs, pancreas, pancreas islet cells, heart valves, bones, skin, corneas, veins, cartilages and tendons can all be used for transplantation.

"Choosing to donate organs is beneficial for many people and is also one of the most important ways for survival of many people," he said.

The Tribune 22 Feb 2018

अमर उजाला
my city
# करनाल

किसी भी कार्यक्रम की फोटो और जानकारी व्हाट्सएप पर भेजें : 9813568855, 9671300133 • ईमेल करें : karnalbureau@chd.amaruja

# अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों ने एड्स बचाव के प्रति किया जागरूक

## दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस विंग ने किया समारोह का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

**करनाल।** शहर के दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस विंग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल गोसाई ने शिरकत की। मंच संचालन डॉ. सुभाष सैनी ने किया।

रेड क्रॉस विंग के इंचार्ज, प्रो. सुशील गोयल ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा सन 2000 से प्रतिवर्ष किसी एक विषय को आधार बनाया जाता है। इस वर्ष सेफ स्पेस फॉर यूथ विषय को आधार बनाकर युवा वर्ग से संबंधित अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

कॉलेज के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि इस दिन सारे विश्व में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं तथा युवा वर्ग के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक प्रकार की जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इस कार्यक्रम के संचालक ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस इसलिए मनाया जाता है कि युवा वर्ग को एचआईवी एड्स, नशीले पदार्थों के प्रति जागरूकता, शिक्षा का महत्व, निर्धनता, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि विषयों को विशेषकर युवा वर्ग को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। पीपीटी प्रतियोगिता में प्रियंका-वंदिनी, उर्वशी-मीनाक्षी व मानव ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजली नेगी, सोनल एवं तान्या कुमारी ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. चंद्रकांता, डॉ. रजनी सेठ, डॉ. एसएल अरोड़ा, डॉ. पूनम सिंगला ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाहन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. पवन कुमार, डॉ. महावीर प्रसाद, डॉ. जय कुमार, निधि जास्ट, डॉ. सारिका चौधरी, डॉ. सुभाष लारा, डॉ. मीनू आनंद, मालती वर्मा, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. सरिता आदि उपस्थित रहे।

दैनिक अमर उजाला
11 अगस्त 2018

दैनिक भास्कर
11 अगस्त 2018

**कार्यक्रम** | यूथ रेडक्रॉस विंग की ओर से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन

# युवा नशे से दूर रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर बनें अच्छा नागरिक : डॉ. गोसांई

भास्कर न्यूज | करनाल

दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस विंग के द्वारा अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रुप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल गोंसाई ने शिरकत की। रेडक्रॉस विंग के इंचार्ज प्रो. सुशील गोयल ने विद्यार्थियों को बताया कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा सन 2000 से प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।

प्रतिवर्ष सेफ स्पेस फॉर यूथ विषय को आधार बनाकर युवा वर्ग से संबंधित अनेक जन- कल्याणी योजनाएं लागू की जा रही है। मुख्यअतिथि ने बताया कि युवा को नशे से दूर रहकर शिक्षा प्राप्त कर अच्छा नागरिक बना चाहिए। इस दिन सारे विश्व मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाती है। युवा वर्ग के उज्जवल भविष्य के लिए अनेक प्रकार की जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाती है।

## ये हुई प्रतियोगिता

कार्यक्रम के संचालक डॉ. सुभाष सैनी ने बताया कि अंतर राष्ट्रीय युवा दिवस इसलिए मनाया जाता है कि युवा वर्ग की एचआईवी एड्स, नशीले पदार्थों के प्रति जागरूकता, शिक्षा का महत्व, निर्धनता स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि विषयों के प्रति समाज को विशेषकर युवा-वर्ग को जागरूक किया जा सके।



करनाल. दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।




करनाल. दयाल सिंह कॉलेज में नाटक की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## ये रहा परिणाम

पीपीटी प्रतियोगिता में प्रियंका व नंदिनी, उर्वशी व मीनाक्षी तथा मानव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अजंली नेगी, सोनल एवं तान्या कुमारी ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत नाटक के माध्यम से दर्शकों को मनमोह लिया। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. पवन कुमार, डॉ. महावीर प्रसाद, डॉ. जय कुमार, निधि, डॉ. सारिका चौधरी, डॉ. सुभाष लारा, डॉ. मीनू आनंद, मालती वर्मा आदि मौजूद रहे।


# State Level YRC Training Camp






# Blood Donation Camp










# Tree Plantation Drive







# First Aid & Home Nursing Training







# District Level YRC Training Camp








# Slogan & Poster making Competition





# Lecture On Fire Safety Programme



## यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

## अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**10 अगस्त 2019**

इंचार्ज–डॉ. सुभाष सैनी






दैनिक भास्कर

11 अगस्त 2019

प्रतिभा • दयाल सिंह कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित

# समाचार लेखन प्रतियोगिता में सिमरन अव्वल

भास्कर न्यूज | करनाल

दयाल सिंह कॉलेज के रेड क्रॉस यूनिट की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा रेड क्रॉस सोसायटी के जरनल सेक्रेटरी डीआर शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस समारोह का आरंभ सरस्वती वंदना एवम दीप प्रज्वलन के माध्यम से हुआ। मंच संचालन कॉलेज के रेडक्रॉस यूनिट के इंचार्ज डॉ. सुभाष सैनी द्वारा किया गया।

मुख्यअतिथि ने रेडक्रॉस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रेडक्रॉस एक विश्वव्यापी संस्था है। किसी भी देश के लोगों के लिए एक जीवन दायिनी साबित हुई है। कहीं रक्तदान शिविर लगा कर और कही प्राकृतिक आपदाओं में लोगों को मदद कर इस संस्था ने जीवन संचार किया है। रेडक्रॉस यूनिट की ओर से रेडक्रॉस का जीवन में महत्व विषय पर समाचार लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. मुक्ता जैन, प्रो. सरिता गनोतरा, डॉ. सारिका चौधरी, डॉ. जय कुमार, डॉ. पवन शर्मा, प्रो. निधि, डॉ. महावीर प्रसाद, डॉ. देवेंद्र आदि मौजूद रहे।



करनाल. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कॉलेज के प्रबंधक।

## प्रतियोगिता के परिणाम

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | सिमरन |
| द्वितीय पुरस्कार | अनिल कुमार |
| तृतीय पुरस्कार | पंकज |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | सागर भल्ला |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | विशाल सागर |

यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

रक्तदान शिविर

9 सितम्बर 2019

इंचार्ज—डॉ. सुभाष सैनी






## सत्र 2019—2020

## यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

इंचार्ज—डॉ. सुभाष सैनी

## महात्मा गाँधी जयन्ती पर स्वच्छता अभियान

## 2 अक्तूबर 2019






## सत्र 2019—2020

## यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

इंचार्ज—डॉ. सुभाष सैनी

## महात्मा गाँधी जयन्ती पर स्वच्छता अभियान

## 2 अक्तूबर 2019





यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

प्राथमिक चिकित्सा एवं होम नर्सिंग ट्रेनिंग

01 अक्तूबर से 11 अक्तूबर 2019 तक

इंचार्ज–डॉ. सुभाष सैनी



# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')

Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**DR. CHANDER SHEKHAR**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
PRINCIPAL


No. DSC/65/ 24
Dated: 04.01.2020

To

The General Secretary
Indian Red Cross Society
Red Cross Bhawan, Sector 16
Chandigarh 160016

**Sub.: State Level Youth Red Cross Training Camp to be held from 06.01.2020 to 11.01.2020 at Kurukshetra.**

Sir,

With reference to your office letter No. State/YRC Camp/2019-20/6130-6142 dated 18.12.2019.

The following five students of our college will participate in State Level Youth Red Cross Training Camp to be held from 06.01.2020 to 11.01.2020 at Kurukshetra:

| S.N | Name of student | Class | Contact No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Dilbag Singh | B.A. 6 Sem | 8930029143 |
| 2 | Sahil Saroha | B.A. 6 Sem | 8813882538 |
| 3 | Kamal | B.A. 6 Sem | 8198976383 |
| 4 | Sagar Verma | B.A. 6 Sem | 7404502652 |
| 5 | Amit Malik | B.A. 6 Sem | 8708677648 |

Demand draft No. 555993 dated 04.01.2020 amounting Rs. 1750/- is also enclosed herewith as Camp Fee. Dr Subhash Saini, Assistant Professor in Hindi will accompany the students during the said camp.

Thanking you,

Yours sincerely,

04.01.2020

(Principal)

Principal
Dyal Singh College
KARNAL

D.A:

D.D. No. 555993 dated 04.01.2020 amounting Rs. 1750/-

(15) (A)

THROUGH HUMANITY TO PEACE

# Indian Red Cross Society

## HARYANA STATE BRANCH

RED CROSS BHAWAN, SECTOR 16, CHANDIGARH 160016

President
THE GOVERNOR, HARYANA
Vice-President
THE CHIEF MINISTER, HARYANA
Vice Chairman

General Secretary
D. R. Sharma
Phone : (O) : 0172-2543889, 2546330
Fax : 0172-2546328
(R) : 0172-2747031
www.haryanaredcross.org
e-mail : ircs_hr@rediffmail.com

No. ........State Level/YRC Camp/2019-20/16 Date ......11-01-2020

## TO WHOM IT MAY CONCERN

This is to certify that Dr.Subhash Saini, Counsellor alongwith 5 Stude from Dyal Singh College Karnal. Attended State Level Youth Red Cross Training Ca for Boys from $6^{th}$ to $11^{th}$ January, 2020 at Punjabi Dharamshala, Kurukshetra. Organi by Indian Red Cross Society, Haryana State Branch, Chandigarh. He is relieved on 1 January, 2020 forenoon/afternoon.

Rahul

**Camp Director**
State Level Youth Red Cross Training Camp,
Kurukshetra

(15) (B)

दैनिक
भास्कर
14 जनवरी 2020

# प्रश्नोत्तरी एवं गायन प्रतियोगिता में छाए दयाल सिंह कॉलेज के विद्यार्थी

भास्कर न्यूज | करनाल

दयाल सिंह कॉलेज करनाल में प्रिं. डॉ. चंद्रशेखर द्वारा यूथ रेडक्रॉस के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्मरण रहे कि पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में 6 से 11 जनवरी तक यूथ रेडक्रॉस का राज्य स्तरीय कैंप आयोजित किया गया था; जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न कॉलेजों से 180 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस कैंप में दयाल सिंह कॉलेज के भी, यूथ रेडक्रॉस के कमल, सागर वर्मा, अमित मलिक, दिलबाग सिंह तथा साहिल सरोहा ने भी हिस्सा लिया था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



करनाल . दयाल सिंह कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. चन्द्रशेखर द्वारा विद्यार्थियों को किया सम्मानित। फोटो | भास्कर

(56)

दैनिक अमर उजाला
25 जनवरी 2020

# पोस्टर मेकिंग में दिव्या रहीं प्रथम



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कॉलेज के प्राचार्य डा. चंद्रशेखर भारद्वाज।

करनाल। दयाल सिंह कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी (एड्स) विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें दिव्या प्रथम, रिधि द्वितीय और हिमांशी तृतीय रही, जबकि राहुल और कीर्ति को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। प्रिंसिपल डॉ. चंद्रशेखर भारद्वाज ने कहा कि एड्स के बारे में जानकारी ही समाधान है। एड्स हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। यह संक्रमण एक वायरस की वजह से होता है जो ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस या एचआईवी के नाम से जाना जाता हैं। यह असुरक्षित यौन संबंध, नीडल्स के दुबारा प्रयोग, बिना जांच के रक्त लेने और गर्भावस्था के दौरान प्रभावित मां से बच्चे को फैलता है। युवाओं को इस विषय पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए ताकि समय रहते हम लोगों को और अपने आप को जागरूक रख सकें। क्लब के इंचार्ज डॉ. सुभाष सैनी ने मंच संचालन किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ. राजेंद्र कौशिक और सचिव डॉ. रणधीर सिंह ने अदा की।

## सत्र 2019–2020

## यूथ रेड क्रॉस, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

इंचार्ज–डॉ. सुभाष सैनी

## राज्य स्तरीय कैम्प में प्रतिभागिता

## 6 जनवरी से 11 जनवरी 2020





बहु–विषयक

# राष्ट्रीय संगोष्ठी

**(MULTI-DISCIPLINARY NATIONAL SEMINAR)**

27 फरवरी 2020, वीरवार

## विश्व बन्धुत्व और मानवतावाद
## *Universal Brotherhood And Humanism*

**सौजन्य :**

**इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा**

**आयोजक :**

# यूथ रेड क्रॉस
# दयाल सिंह कॉलेज

**करनाल ( हरियाणा)**

**यू.जी.सी. द्वारा 'A' ग्रेड प्रदत**

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में आप सादर आमंत्रित हैं।

**प्रातः 9:00 बजे**

**निवेदक**

| संरक्षक | संयोजक | सह–संयोजक |
|---|---|---|
| डॉ0 चन्द्रशेखर | डॉ0 सुभाष सैनी | डॉ0 पवन कुमार |
| प्रिंसीपल | (94165-21508) | डॉ0 महावीर प्रसाद |

*कार्यक्रम सचिव*

*डॉ0 जय कुमार, प्रो0 निधि जास्ट, डॉ0 तेज पाल*

// DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL
(NAAC Accreditation Grade 'A')
Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

DR. CHANDER SHEKHAR
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
PRINCIPAL

No. DSC/65/455
Dated: 26.02.2020

Sh Nishant Kumar Yadav, IAS
Deputy Commissioner
Karnal

**Sub.: Request to Preside Over One Day National Seminar on the topic "Universal Brotherhood & Humanism" on February 27, 2020.**

Respected Sir,

Dyal Singh College, Karnal is one of the premier and oldest institutions in Haryana. It is accredited with grade 'A' by NAAC. Youth Red Cross of our college is going to organize one day National Seminar on the topic "Universal Brotherhood & Humanism" on February 27, 2020.

You are requested to Preside Over the National Seminar in Inaugural Session at 10.30 a.m. Your honourable presence will be a source of great inspiration and motivation for the students, staff and management of the college.

Thanking you,

Yours sincerely,

26.02.2020

(Principal)

**Principal**
**Dyal Singh College**
**Karnal**

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')

Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal


No.: DSC/65/391
Dated: 12.02.2020

प्रतिष्ठा में,

डॉ. पवन शर्मा
डीन स्टूडेंट वैलफेयर
कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरूक्षेत्र

**विषय : समापन सत्र में अध्यक्ष के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप अध्यक्ष के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

डॉ. चंद्रशेखर
(प्राचार्य)
Principal
Dyal Singh College
Karnal

डॉ. सुभाष सैनी
(संयोजक)

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')
Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal

No.: DSC/65/318
Dated: 12. 02. 2020

प्रतिष्ठा में,

श्री डी. आर. शर्मा
जनरल सैक्रेट्री
इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,
चंडीगढ, हरियाणा

**विषय : मुख्य वक्ता के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप **मुख्य वक्ता** के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL
(NAAC Accreditation Grade 'A')
Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal


No.: DSC/65/319
Dated: 12.02.2020

प्रतिष्ठा में,

श्री रोहित शर्मा
प्रोग्राम ऑफिसर
इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,
चंडीगढ, हरियाणा

**विषय : वक्ता के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप **वक्ता** के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')

Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal


No.: DSC/65/3222
Dated: 12.02.2020

प्रतिष्ठा में,

डॉ. शालिनी शर्मा
मारकंडा नेशनल कॉलेज
शाहबाद (कुरूक्षेत्र)

**विषय : वक्ता के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप वक्ता के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')

Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal

No.: DSC/65/326
Dated: 12.02.2020

प्रतिष्ठा में,

डॉ. राकेश पाठक
इंचार्ज यूथ रेड क्रॉस
राजकीय महाविद्यालय,
सैक्टर.16ए
फरीदाबाद

**विषय : वक्ता के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप वक्ता के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

# DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL

(NAAC Accreditation Grade 'A')

Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal

No.: DSC/65/389
Dated: 19.02.2020

प्रतिष्ठा में,

श्री अनिल जोशी
ज्वाइंट सैक्रेट्री
इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,
चंडीगढ, हरियाणा

विषय : **विशिष्ट वक्ता के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है—विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप **विशिष्ट वक्ता** के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

19.02.2020

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

**DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL**
(NAAC Accreditation Grade 'A')
Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal

No.: DSC/65/320
Dated: 12.02.2020

प्रतिष्ठा में,

श्री रमेश शर्मा
पब्लिसिटी ऑफिसर
इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,
चंडीगढ, हरियाणा

**विषय : बीज वक्ता (Key Note Address) के रूप में पधारने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar **का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार का मुख्य विषय है–विश्व बन्धुत्व एवं मानवतावाद।**

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस भव्य सुअवसर पर आप **बीज वक्ता** के रूप में पधारकर हमें अनुगृहीत करें। कृपया अपनी स्वीकृति देने का कष्ट करें।

हम आपके आभारी रहेंगे।

**डॉ. चंद्रशेखर**
**(प्राचार्य)**
Principal
Dyal Singh College
Karnal

**डॉ. सुभाष सैनी**
**(संयोजक)**

# यूथ रेड क्रॉस (नेशनल सेमिनार) 27 फरवरी, 2020

## दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

## आज सम्पूर्ण विश्व को मानवतावाद की आवश्यकता–रमेश शर्मा

दिनांक 27 फरवरी, 2020 को दयाल सिंह कॉलेज, करनाल की यूथ रेड क्रॉस द्वारा **'विश्व बंधुत्व और मानवतावाद'** विषय पर बहु–विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का शुभारंभ रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना के समक्ष द्वीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर भारद्वाज एवं सेमिनार के संयोजक डॉ. सुभाष सैनी, श्री रमेश शर्मा, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के पब्लिसिटी ऑफिसर ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए इस सेमिनार का शुभारंभ किया।

प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर ने आमन्त्रित अतिथियों को पौधे देकर कॉलेज आगमन पर उनका स्वागत किया। तदोपरान्त प्राचार्य महोदय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह दयाल सिंह कॉलेज के लिए गर्व का विषय है कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से यह सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। **कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुभाष सैनी** ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं वक्ताओं का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए बताया कि आज सम्पूर्ण विश्व को विश्व–बंधुत्व एवं मानवतावाद की अति आवश्यकता है। कोरोना वायरस से भी कहीं अधिक खतरनाक है सृष्टि का संवेदनहीन हो जाना। इसी संवेदना को जीवन्त बनाए रखने के लिए दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा **'विश्व बंधुत्व और मानवतावाद'** विषय को चुना गया है।

चंडीगढ़ से पधारे **बीजवक्ता श्री रमेश शर्मा** ने अपने सम्बोधन में बताया कि आज रेड क्रॉस जिस मुकाम पर आ पहुँची है उसका सारा श्रेय रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना को समर्पित है। आज सम्पूर्ण विश्व में भाषायी, जातीय तथा साम्प्रदायिक उन्माद जिस गति से बढ़ रहा है, उसे अगर कोई रोक सकता है तो वह मानवतावाद है। मै दयाल सिंह कॉलेज को सेमिनार के लिए इतने बेहतरीन विषय चुनने पर बधाई देता हूं।

जिला रेड क्रॉस विकलांग कल्याण समिति के इंचार्ज, करनाल से आए डॉ. अजय भाटिया ने अपने सम्बोधन में बताया कि आज विश्व के लगभग 195 देशों में रेड क्रॉस सम्पूर्ण समर्पित भाव से दिन–रात मानव सेवा के कार्यो में लगी हुई है। सम्पूर्ण विश्व में रेड क्रॉस ही ऐसी संस्था है जो कि जाति, धर्म, पंथ, सम्प्रदाय और देश की सीमाओं से परे है। संसार में जब कभी कोई भंयकर आपदा आती है तब सारा संसार आस भरी नजरो से रेड क्रॉस की ओर ही देखता है और रेड क्रॉस के कार्यकर्त्ता सभी बन्धनों से हटकर केवल और केवल विश्व बंधुत्व की रक्षा करते हुए मानवता की सेवा करते है।

प्रथमसत्र में जिला **रेड क्रॉस करनाल के डी. टी. ओ. एम. सी. धीमान, दयाल सिंह कॉलेज के स्टाफ सैक्रेट्री डॉ. रणधीर सिंह, दयाल सिंह कॉलेज ट्रस्ट सोसाइटी** के जनरल मैनेजर श्री बी. आर.

गुलाटी, डॉ. बिमला लाठर सभी ने मानव कल्याण में रेड क्रॉस की भूमिका विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। इस सत्र का मंच संचालन कार्यक्रम सचिव डॉ. जय कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक डॉ. पवन शर्मा ने किया।

इस सेमिनार के समापन सत्र में राजकीय कॉलेज सैक्टर 14 की प्रिंसीपल डॉ. रेखा शर्मा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारी एवं कार्यक्रम के आयोजकों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी। शाहबाद मारकंडा कॉलेज से पधारी डॉ. शालिनी शर्मा ने अपने वक्तव्य में सेमिनार के आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि रेड क्रॉस का यह राष्ट्रीय सेमिनार अपने आप में एक अनुपम सेमिनार है आज समाज व देश के प्रत्येक व्यक्ति को मानवतावाद की आवश्यकता है। रेड क्रॉस तो सदा से ही मानवीय मूल्यों की रक्षक रही है। जब दो देशों के शत्रु सैनिक भी युद्ध में घायल हो जाते है तब रेड क्रॉस दोनों की ही समान भाव से सेवा करती है क्योंकि रेड क्रॉस के समक्ष किसी जाति, धर्म या मजहब का कोई व्यक्ति नही बल्कि उनके समक्ष एक मानव होता है और उसकी रक्षा करना ही उसका धर्म होता है।

राजकीय कॉलेज, फरीदाबाद से पधारे डॉ. राकेश शर्मा पाठक ने बताया कि रेड क्रॉस एक ऐसी अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है। जिसने पूरे विश्व को मानवतावाद तथा एकता के सूत्र में बांध रखा हैं। आज के युवा वर्ग के लिए इस सेमिनार के विषय का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस ने मानव कल्याण की एक नई परिभाषा दी है और युवा वर्ग को लगातार प्रेरणा देती रही है। वास्तव में इंडियन रेड क्रॉस ने विश्व कल्याण में नए आयाम स्थापित किए है। समापन सत्र में डॉ. राजेन्द्र कौशिक एवं डॉ. रणधीर सिंह ने सेमिनार के तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

सेमिनार के समापन–सत्र का मंच संचालन प्रो. निधि जास्ट ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन, डॉ. राजेन्द्र कौशिक ने किया। इस अवसर पर डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. सारिका चौधरी, डॉ. संतोष यादव, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. रजनी सेठ, डॉ. पूनम सिंगला, डॉ. तेजपाल, डॉ. राजेन्द्र कौशिक, डॉ. बलजिन्द्र सिंह, प्रो. आस्था भाटिया, डॉ. सुरिन्द्र बाला सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

डॉ. सुभाष सैनी<br>
संयोजक<br>
नेशनल सेमिनार

// DYAL SINGH COLLEGE, KARNAL
(NAAC Accreditation Grade 'A')
Ph.: 0184-2252030, 2251087 Fax : 0184-2260700 e-mail : dscollege_knl@ rediffmail.com

**Dr. Chander Shekhar**
M.Sc., M.Phil., Ph.D.
Principal

No.: DSC/65/ 608
Dated: 05/03/2020

प्रतिष्ठा में,

श्री डी. आर. शर्मा
जनरल सैक्रेट्री
इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,
चंडीगढ, हरियाणा

**विषय : 27 फरवरी, 2020 को यूथ रेड क्रॉस के नेशनल सेमिनार की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु।**

महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है कि दयाल सिंह कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस द्वारा 27 फरवरी, 2020 को National Seminar का आयोजन किया गया तथा यह आयोजन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा (चण्डीगढ़) के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस सेमिनार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा एक लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की गई।

इस आयोजन का सफल बनाने में आपके संस्थान का विशेष योगदान रहा, जिसके लिए दयाल सिंह कॉलेज सदैव आपका आभारी रहेगा। इस आयोजन की संक्षिप्त रिपोर्ट आपको प्रेषित है।

डॉ. चंद्रशेखर
(प्रिंसीपल)
Principal
Dyal Singh College
Karnal

YOUTH RED CROSS
NATIONAL SEMINAR
27 Feb. 2020

(I)

दयाल सिंह कॉलेज
करनाल

CONVENER - DR. SUBHASH SAIN






-2-

दैनिक अमर उजाला
28 फरवरी 2020

कार्यक्रम

दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस की ओर से बहु-विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

# विशेषज्ञों ने विश्व बंधुत्व और मानवतावाद पर रखे विचार

माई सिटी रिपोर्टर

**करनाल।** दयाल सिंह कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस द्वारा 'विश्व बंधुत्व और मानवतावाद' विषय पर बहु-विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के पब्लिसिटी अफसर रमेश शर्मा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने प्रिंसिपल डॉ. चंद्रशेखर भारद्वाज और सेमिनार के संयोजक डॉ. सुभाष सैनी के साथ रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया। प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर ने अतिथियों का पौधे देकर स्वागत किया।

संयोजक डॉ. सुभाष सैनी ने सभी वक्ताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. कुशलपाल, डॉ. सारिका चौधरी, डॉ. संतोष यादव, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. रजनी सेठ, डॉ. पूनम सिंगला, डॉ. तेजपाल, डॉ. राजेन्द्र कौशिक, डॉ. बलजिन्द्र सिंह, प्रो. आस्था भाटिया व डॉ. सुरिन्द्र बाला मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न कालेजों से आए विद्यार्थी।



अतिथि को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

## समान भाव से सेवा करती है रेडक्रॉस

समापन सत्र में शाहाबाद मारकंडा कॉलेज से पधारी डॉ. शालिनी शर्मा और राजकीय कॉलेज फरीदाबाद से आए डॉ. राकेश शर्मा ने कहा कि जब दो देशों के शत्रु सैनिक भी युद्ध में घायल हो जाते हैं, तब रेडक्रॉस दोनों की ही समान भाव से सेवा करती है। डॉ. राजेन्द्र कौशिक एवं डॉ. रणधीर सिंह ने अध्यक्षता की। मंच संचालन प्रो. निधि जास्ट और संयोजक डॉ. सुभाष सैनी ने किया।

## मानवतावाद से रुक सकता है सांप्रदायिक उन्माद : रमेश शर्मा

पहले सत्र में मुख्य वक्ता रमेश शर्मा ने बताया कि आज रेड क्रॉस जिस मुकाम पर आ पहुंची है, उसका सारा श्रेय रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना को समर्पित है। आज संपूर्ण विश्व में भाषायी, जातीय तथा सांप्रदायिक उन्माद जिस गति से बढ़ रहा है, उसे अगर कोई रोक सकता है तो वह मानवतावाद है। जिला रेड क्रॉस विकलांग कल्याण समिति के इंचार्ज डॉ. अजय भाटिया ने कहा कि विश्व के लगभग 195 देशों में रेडक्रॉस संपूर्ण समर्पित भाव से दिन-रात मानव सेवा के कार्यों में लगी हुई है। प्रथम सत्र में जिला रेडक्रॉस के डीटीओ एमसी धीमान, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रणधीर सिंह, ट्रस्ट सोसाइटी के जीएम बीआर गुलाटी और डॉ. बिमला लाठर ने मानव कल्याण में रेडक्रॉस की भूमिका विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन डॉ. जय कुमार और डॉ. पवन शर्मा ने किया।

(11)

दैनिक भास्कर
06 मई 2020

# दयाल सिंह कॉलेज की रेडक्रॉस यूनिट ने डीसी को 2 हज़ार मास्क किए वितरित

करनाल | दयाल सिंह कॉलेज करनाल की यूथ रेडक्रॉस यूनिट की ओर से 2000 मास्क वितरित किए गए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर, प्राध्यापक प्रोफेसर संजय शर्मा तथा यूथ रेडक्रॉस के इंचार्ज डॉ. सुभाष सैनी ने डीसी ऑफ़िस में डीसी को दयाल सिंह कॉलेज की ओर से कोविड - 19 को लेकर समाज के जरूरतमंदों की सहायता के लिए दो हजार मास्क प्रदान किए। दयाल सिंह कॉलेज परिवार द्वारा कोरोना महामारी से बचाव के लिए पहले भी चार लाख एक हजार एक सौ रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए जा चुके हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए उपायुक्त ने दयाल सिंह कॉलेज के प्रिंसिपल के प्रति विशेष आभार प्रकट किया।

---

अमर उजाला
06 मई 2020

# यूनिट की ओर से डीसी को सौंपे गये 2000 मास्क

करनाल। दयाल सिंह कॉलेज करनाल की यूथ रेड क्रॉस यूनिट की ओर से 2000 मास्क बांटे गए। कॉलेज प्राचार्य डॉ चंद्रशेखर, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर संजय शर्मा तथा यूथ रेड क्रॉस के इंचार्ज डॉ. सुभाष सैनी ने डीसी ऑफिस पहुंचकर डीसी निशांत कुमार यादव को दयाल सिंह कालेज की ओर से जरूरतमंदों की सहायता के लिए 2000 मास्क सौंपे। दयाल सिंह कॉलेज परिवार द्वारा कोरोना से बचाव हेतु पहले भी चार लाख एक हजार एक सौ रुपये सीएम राहत कोष में दिए जा चुके हैं। उपायुक्त ने दयाल सिंह कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. चंद्रशेखर के प्रति आभार जताया।

भास्कर

08-May-2020


करनाल भास्कर Page

# के 12 जिलों व यूपी से आने वाले बच्चों को दिया जा रहा ब्लड

शानी आ रही हो तो वह नीचे दिए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं

## रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

### जरूरतमंदों के लिए 18 व्यक्तियों ने रक्तदान किया




करनाल. भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया जिला शाखा द्वारा सिविल अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

भास्कर न्यूज़ | करनाल

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया जिला शाखा करनाल द्वारा गुरुवार को 18 व्यक्तियों ने सिविल अस्पताल करनाल एवं कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल में रक्तदान किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी करनाल एमसी धीमान ने सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दयाल सिंह कॉलेज करनाल के रेडक्रॉस यूनिट के स्वयं सेवकों ने 100 व्यक्तियों को मास्क व सैनिटाइजर बांटे व सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में लोगों को जागरूक किया।

बैंकों के बाहर एटीएम के पास जो लोगों की भीड़ लग जाती है, उनसे अपील करते हुए कहा कि सामाजिक दूरी बनाकर रखें, ताकि कोरोना से बचा जा सके। प्राथमिक सहायता की प्रवक्ता नीना ने लोगों से अपील की कि आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करें, ताकि कोरोना का अलार्म आपको मिल सके और समय पर अपना बचाव कर सकें। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाएगा क्योंकि रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनॉट का जन्म भी 8 मई 1828 को जेनेवा में हुआ था और खुशी की इस बीच भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के 100 साल पूरे हो चुके हैं। उन्होंने सभी नौजवानों से अनुरोध किया है कि 8 मई को सिविल अस्पताल करनाल में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में आकर अपना योगदान दें, ताकि थैलेसीमिया से पीडित बच्चे, गंभीर बीमारियों से पीडित व्यक्तियों तथा गर्भवती महिलाओं के लिए रक्त की कमी ना होने पाए। कैंप का समय प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

दैनिक भास्कर

10 नवम्बर 2021

## दयाल सिंह कॉलेज में छात्रों ने स्पर्धाओं में दिखाई प्रतिभा

करनाल | दयाल सिंह कॉलेज में मंगलवार को रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब के इंचार्ज डॉ. सुभाष सैनी ने बताया कि इन सभी प्रतियोगिताओं का विषय एचआईवी एड्स रखा गया है। युवा वर्ग में जागरूकता अभियान की दृष्टि से सभी प्रतियोगिता का एक ही विषय रखा गया है। प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाएं दिखाई। चयन के बाद सभी विजेता विद्यार्थियों से पुरस्कृत किया जाएगा।

दैनिक
भास्कर
30 दिसम्बर 2021

# शिविर में 77 लोगों ने किया रक्तदान

## दयाल सिंह कॉलेज करनाल में रक्तदान और कोविड वैक्सीनेशन कैंप लगा

भास्कर न्यूज़ | करनाल

दयाल सिंह कॉलेज करनाल की यूथ रेडक्रॉस यूनिट ने कॉलेज ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर और कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी करनाल डॉ. योगेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग ने अपनी टीम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में 77 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. सुभाष सैनी, जिला वैक्सीनेशन नोडल ऑफिसर डॉ. अभय ने कार्यक्रम में पहुंचकर कोविड वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित किया। 217 विद्यार्थियों ने इस कैंप के दौरान कोविड वैक्सीन लगवाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशिमा गक्खड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। डॉ. जय कुमार ने कहा कि डॉक्टर और नर्सों के सहयोग से रक्त एकत्र किया जाता है। सर्वेक्षण में ये भी पाया गया है कि युवा रक्तदान करने में विशेष रुचि रखते हैं।



करनाल. दयाल सिंह कॉलेज के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए सीएमओ।

दैनिक
अमर उजाला
30 दिसम्बर 2021


# 77 ने युवाओं ने किया रक्तदान, 217 ने लगवाया टीका

माई सिटी रिपोर्टर

करनाल। यूथ रेड क्रॉस यूनिट की ओर से दयाल सिंह कॉलेज में बुधवार को रक्तदान और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 77 युवाओं ने रक्तदान किया और 217 विद्यार्थियों ने कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डा. आशिमा गक्खड़ ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ. योगेश कुमार ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए हमें रक्तदान जरूर करना चाहिए। ताकि संकट के समय किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सके। उन्होंने टीकाकरण के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो लोग टीकाकरण कराने से वंचित रह गए हैं, वे आगे आएं और समय रहते दोनों डोज लगवाएं।

मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ सचिन गर्ग की अध्यक्षता में टीम ने रक्त एकत्रित किया। यूथ रेड क्रॉस के प्रभारी डॉ सुभाष सैनी ने मंच संचालन किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ अभय, डॉ जय कुमार, डॉ तेजपाल, रूबी, एनसीसी एएनओ प्रो. किरण कुमार, सारिका चौधरी, राजपाल, रणधीर सिंह, देवेंद्र और सुभाष मौजूद रहे।



दयाल सिंह कॉलेज में रक्तदान करते युवा। अमर उजाला

## दयाल सिंह कॉलेज में रक्तदान और टीकाकरण शिविर का आयोजन

दैनिक
जागरण
30 दिसम्बर 2021

# युवाओं को रक्तदान को किया प्रेरित

**जागरण संवाददाता, करनाल:** दयाल सिंह कालेज की यूथ रेडक्रास यूनिट ने कालेज आडिटोरियम में रक्तदान शिविर और कोविड वैक्सीनेशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने रक्तदान शिविर का उद्घाटन रिबन काटकर और रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया।

प्राचार्य डा. आशिमा गक्खड़ ने मुख्य अतिथि डा. योगेश शर्मा और ब्लड बैंक प्रभारी डा. सचिन गर्ग का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। प्राचार्य ने बताया कि रक्तदान करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका कोई अन्य विकल्प नहीं है। रक्तदान करके इस महामारी के दौर में हम कई लोगों का जीवन बचा सकते हैं। यह प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जो घायल और बीमार लोगों के जीवन को बचा सकता है। स्वस्थ इंसान को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान से दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा सही रहती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डा. योगेश शर्मा ने बताया कि 45 किलो या इससे अधिक वजन वाला कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। कोई भी इच्छुक रक्तदाता तीन महीने बाद दोबारा रक्तदान कर सकता है। पुरुष एक वर्ष में अधिकतम चार बार रक्तदान कर सकते हैं, जबकि महिलाओं के लिए यह सीमा वर्ष में तीन बार रक्तदान करने के लिए न्यूनतम आवश्यक एचबी 12 है।



दयाल सिंह कालेज में आयोजित रक्तदान व कोविड वैक्सीनेशन कैंप में सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा का स्वागत करते आयोजक। ● जागरण

22 APRIL, 2022

The Tribune | 02
CHANDIGARH | FRIDAY | 22 APRIL 2022

# EDUCATION NOTES




## EXTENSION LECTURE ON HIV/AIDS

**Karnal:** An extension lecture on HIV/AIDS and TB was organised at Dyal Singh College, Karnal, by the Youth Red Cross Society. On this occasion, the keynote speaker Dr Saubhagya Sindhu, Medical Officer of the Health Department, gave important information about HIV, AIDS and TB infection, symptoms and its prevention to the students. College principal Dr Ashima Gakhar welcomed the chief guest with a bouquet and said the government and administration would continue to make people aware about severe diseases such as HIV/AIDS and TB through such activities. Dr Sindhu while addressing the volunteers of the Youth Red Cross said that HIV was a virus which reduced the immunity power of human body to fight against diseases. Till date no medicine has been found to kill HIV, but the search is on. A person infected with the HIV virus can infect another healthy person. She also told the volunteers that awareness is the only way to prevent HIV/AIDS.

दैनिक भास्कर
22 अप्रैल 2022

# यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों को एड्स और टीबी के बारे में किया जागरूक

## जागरूकता से ही हम इन बीमारियों से स्वयं और दूसरों को बचा सकते हैं



करनाल. दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एचआईवी एड्स और टीबी पर विस्तार व्याख्यान में मौजूद अतिथि।

भास्कर न्यूज़|करनाल

दयाल सिंह कॉलेज करनाल में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से एचआईवी एड्स और टीबी पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता चिकित्सा अधिकारी, सरकारी अस्पताल करनाल से डॉ सौभाग्य सिंधु ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स और टीबी के संक्रमण, लक्षण और बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. आशिमा गक्खड़ ने कहा कि सरकार व प्रशासन युवाओं को एड्स और टीबी बीमारी के बारे में जागरूक करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों द्वारा लोगों को जागरूक करने का काम करती रहती है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को एचआईवी/ एड्स जैसे रोग होते हैं उन्हें बड़ी जल्दी दूसरे छूत के रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। उन छूत के रोगों में टीबी भी एक ऐसी ही बीमारी है जिसका समय पर इलाज न मिल पाने के कारण भयंकर परिणाम सामने आते है। जागरूकता से ही हम इन बीमारियों से स्वयं व दूसरों को बचा सकते हैं।

चिकित्सा अधिकारी डॉ सौभाग्य सिंधु ने बताया कि एचआईवी उस वायरस या विषाणु को कहते हैं जो मनुष्य के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बीमारियों से लड़ने वाली ताकत को कम कर देता है। आजतक एचआईवी को मारने की कोई दवा नहीं मिली, पर खोज जारी है। एचआईवी वायरस से ग्रसित व्यक्ति दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी एक सूक्ष्म जीव से होती है। इस बीमारी में आमतौर पर फेफड़ों पर असर होता है, पर शरीर के अन्य अंगों पर भी असर हो सकता है, जैसे मस्तिष्क, गुर्दे या रीढ़ की हड्डी। टीबी लाइलाज बीमारी है। इस मौके पर काउंसलर मैडम ममता व कॉलेज से प्रो. संजय, डॉ. कुशलपाल, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ देवेंद्र, डॉ. बलबीर सिंह, प्रो सुभाष लारा, प्रो. भूपेंद्र, प्रो. महावीर व कॉलेज के अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

दैनिक अमर उजाला
22 अप्रैल 2022

# लापरवाही से रोजाना जा रही जान

## दयाल सिंह कॉलेज में एड्स और टीबी पर व्याख्यान का आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर



दयाल सिंह कॉलेज में हुए व्याख्यान में अपने विचार रखती वक्ता।

करनाल। दयाल सिंह कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा एचआईवी एड्स और टीबी पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में नागरिक अस्पताल की चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौभाग्य सिंधु पहुंचीं। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स और टीबी के संक्रमण, लक्षण और बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

उन्होंने कहा कि दोनों ही बीमारियों में अक्सर लापरवाही के कारण ही लोगों की जान जाती है। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि टीबी आमतौर पर फेफड़ों पर असर होता है, पर शरीर के अन्य अंग मस्तिष्क, गुर्दे या रीढ़ की हड्डी पर भी असर हो सकता है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सभी नागरिकों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। हरियाणा में 70 हजार नये मरीज प्रत्येक वर्ष मिलते है और हर रोज टीबी के पांच मरीज लापरवाही व इलाज के अभाव में मर जाते है।

उन्होंने एचआईवी के बार में बताया कि इस वायरस से ग्रस्त व्यक्ति दूसरे स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। इससे बचाव के लिए असुरक्षित यौन संबंध से हमें बचना होगा। साथ ही इंजेक्शन व रक्त चढ़ाने के क्रम में विशेष सावधानी बरतनी होगी।

उन्होंने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, शाम को बुखार आना, भूख न लगना, वजन में कमी इत्यादि लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर बलगम की जांच करवाएं। टीबी रोगी का मुफ्त इलाज किया जाता है। वहीं पांच सौ रुपये प्रति माह पोषण के लिए दिए जाते हैं।

प्रिंसिपल डॉ. आशिमा गक्खड ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। यूथ रेड क्रॉस के संयोजक डॉ. सुभाष सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. जय कुमार ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर एचआईवी काउंसलर ममता, प्रो. संजय, डॉ. कुशलपाल, रणधीर सिंह, देवेंद्र, बलबीर सिंह, सुभाष, भूपेंद्र और महावीर मौजूद रहे।